कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी,झाँसी

पत्रांक / — /2019–20 दिनॉक 6-1-2020

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग
निर्माण खण्ड –प्रथम झाँसी।

विषय– **नेशनल एकेडमी मौजा रौनी, मऊरानीपुर** के भवन की जॉच कर नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप का प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध मे।

महोदय,

शासनादेश संख्या–89 / अरसठ–3–2018 –2041 / 2018 दिनॉक 11.01.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ,जिसके द्वारा अशासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो (नवीन) कि मान्यता प्रदान करने हेतु मानक एवं शर्ते उल्लखित करते हुये मान्यता प्रदान करने के निर्देश दिये गये है। उक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–17 के उपबिन्दु ख में दिये गये निर्देशो के अनुसार सम्बधित विद्यालय के भवन की जॉच आपके अधीनस्थ कार्यरत सहायक अभियन्ता से कराकर विद्यालय भवन की गुणवत्ता नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना है।

प्रबन्धक **नेशनल एकेडमी मौजा रौनी, मऊरानीपुर** का प्रार्थनापत्र की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि आप अपने अधीनस्थ कार्यरत किसी सहायक अभियन्ता से विद्यालय भवन की जॉच कराकर विद्यालय भवन की गुणवत्ता ,नेशनल बिल्डिग कोड 2005 के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र निर्गत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीय

(निखिल टीकाराम फुंडे)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
झाँसी।

पृ0स0 / 10285-87 /2019–20 दिनॉक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, झाँसी।
2. प्रबन्धक **नेशनल एकेडमी मौजा रौनी, मऊरानीपुर** ।

06/01/2020

(निखिल टीकाराम फुंडे)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
झाँसी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1 (प्र0प0), लो0नि0वि0, झाँसी

दिनाँक 21-01-20

पत्रांक 10 -/ कैम्प/जांच/20

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
झाँसी।

विषय – नेशनल एकेडमी मौजा रौनी, मऊरानीपुर के भवन की जांच कर नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप का प्रमाण पत्र (अशासकीय प्राथमिक स्तर तक का) निर्गत करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ – आपका पत्रांक 10285–87/2019–20, दिनाँक 06–01–2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में **नेशनल एकेडमी मौजा रौनी, मऊरानीपुर** के भवन की जांच खण्ड के सहायक अभियन्ता द्वारा दिनाँक 20–01–2020 को, नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 के अनुरूप की गयी । जांच उपरान्त प्रमाण पत्र निर्गत कर आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक – प्रमाण पत्र

21/01/2020
अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0–1 (प्र0प0), लो0नि0वि0, झाँसी

O/C

CDO-JHS-89

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि नेशनल एकेडमी मौजा रौनी, मऊरानीपुर में स्थित है। उक्त स्कूल का निरीक्षण दिनाँक 20–01–2020 को किया गया। जिसमें विद्यालय भवन की गुणवत्ता नेशनल बिल्डिंग कोड 2005 के अनुरूप एवं प्रथम दृष्टया सन्तोषजनक व सही है।

मैं विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

दिनाँक : 20–01–2020

20/01/2020

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1 (प्र0प0), लो0नि0वि0,
झाँसी